# Youth Red Cross

# Sant Guru Ghasidas Govt. P.G. College, Kurud

## District - Dhamtari (C.G.)


# Youth Red Cross

# Activities

# 2017-2022

# YRC Activities 2017

## HIV AIDS AWARENESS PROGRAM on 04/12/2017



एड्स दिवस

महा० के प्राचार्य डॉ. ओ.पी. चन्द्राकर के कुशल मार्गदर्शन व यूथ रेड क्रॉस सोसायटी के संयोजक डॉ. जी.पी. जायसवाल के दिशानिर्देश में 1/12/2017 को विश्व एड्स दिवस मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में समीर मसीह आई.सी.टी.सी. काउंसलर सिविल अस्पताल कुम्हारी व प्रवीण बिंझवार प्रयोगशाला तकनीशियन सिविल अस्पताल कुम्हारी उपस्थित थे। इन्होंने छात्र छात्राओं को एड्स के कारण, लक्षण व बचाव के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। छात्र-छात्राओं में एड्स के प्रति जागरूकता आयी। इस अवसर पर डॉ. प्रभात रंजन सहा०प्रा० हिन्दी, श्री वी. आर. देवांगन ग्रंथपाल उपस्थित थे।

उपस्थित छात्र-छात्राओं के नाम व हस्ताक्षर

| क्र. | नाम | कक्षा | हस्ताक्षर |
|---|---|---|---|
| 1 | मिथिला साहू | M.A. I हिन्दी | Mithila |
| 2. | अंगेश्वरी साहू | M.A. I Hindi | Angeshwari |
| 3. | यमुना साहू | M.A. I Hindi | यमुना |
| 4. | दीपिका साहू | M.A. I Hindi | Deepika |
| 5. | नूतन निषाद | M.A. I sem Hindi | Nutan |
| 6. | नूतन साहू | M.A. I sem Hindi | Nutan |
| 7. | टिकेश्वरी साहू | M.A. I sem Hindi | टिकेश्वरी |
| 8 | कु. नीतू बघेल | B.Sc. I | Ku. Neetu Baghel |
| 9 | कु. किरण महरे | B.Sc. I | Ku. Kiran |
| 10 | कुमेश्वरी साहू | B.Sc. II | [illegible] |
| 11. | नेहा चन्द्राकर | B.Sc.-II | Neha |
| 12. | आसनी साहू | B.Sc.-II | Asnee |
| 13. | तनुजा पटेल | B.Sc.-II | Tanuja Patel |
| 14. | आरती साहू | BSc-II | Aarti |
| 15 | रेशमा साहू | BSc-II | Reshma |
| 16. | तनुजा भारती साहू | BSc-II (BT) | Tanuja |
| 17 | Akanksha chandrakar | BSC-II (Bio) | Akanksha. C |

कार्यालय प्राचार्य
संत गुरु घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कुरूद,
जिला धमतरी (छ.ग.)
Website: www.govtcollegekurud.in
दूरभाष–07705-223375, ई–मेल: pgcollegekurud@gmail.com

दिनांक– 04 / 12 / 2017

## //प्रेस–विज्ञप्ति//

### ''कुरूद महाविद्यालय में एड्स जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन''

कुरूद– संत गुरू घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुरूद जिला– धमतरी (छ.ग.) के प्राचार्य डॉ. ओ.पी. चन्द्राकर के कुशल मार्गदर्शन व रेडक्रास प्रभारी डॉ.जी.पी.जायसवाल के दिशानिर्देश में विश्व एड्स दिवस के अवसर पर एड्स जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में श्री समीर मसीह, आई.सी.टी.सी. कौंसलर सिविल अस्पताल कुरूद व श्री प्रवीण बिंझवार प्रयोगशाला तकनीशियन सिविल अस्पताल कुरूद उपस्थित थे। इस अवसर पर श्री समीर मसीह ने छात्र–छात्राओं को एड्स के कारण, लक्षण, बचाव एवं आई.सी.टी.सी. के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होनें छात्र–छात्राओं के एड्स (एच.आई.वी) के बारे में पूछे गये प्रश्नों के सरलतापूर्वक उत्तर दिये। श्री प्रवीण बिंझवार ने कहा कि एड्स के प्रति जानकारी ही उसका बचाव है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ओ.पी.चन्द्राकर ने छात्र–छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि विश्व एड्स दिवस मनाने की सार्थकता तभी है जब स्वयं एड्स के प्रति जागरूक रहकर दूसरों को अधिक से अधिक जागरूक करें। इसके कारण और बचाव के प्रति ज्यादा से ज्यादा गंभीर रहें। डॉ. जी.पी.जायसवाल ने छात्र–छात्राओं से कहा कि एच.आई.वी. से संक्रमित व्यक्ति से हमे सौहाद्रपूर्ण व्यवहार करना चाहिए क्योंकि एच. आई.वी. से संक्रमित व्यक्ति से हाथ मिलाने, साथ में रहने, साथ में खाना खाने से एड्स रोग नहीं होता। लोगों को एड्स के बारे में ज्यादा से ज्यादा जानकारी दें। इस अवसर पर श्री बी.आर.देवांगन, ग्रंथपाल, डॉ. प्रभात रंजन, सहा.प्राध्या.–हिन्दी एवं छात्र–छात्राऐं उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन रेडक्रास प्रभारी डॉ.जी.पी. जायसवाल व आभार प्रदर्शन बी.पी.एड. के छात्र श्री चुम्मन राम ने किया।

प्राचार्य

प्रति

संपादक महोदय

.................................................

.................................................







# कुरूद कालेज में एड्स जागरूकता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

संत गुरू घासीदास शा. स्नात. महा. कुरूद के प्राचार्य डॉ. ओपी चन्द्राकर के मार्गदर्शन व रेडक्रास प्रभारी डॉ. जीपी जायसवाल के दिशा-निर्देश में विश्व एड्स दिवस के अवसर पर एड्स जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में समीर मसीह, आईसीटीसी काउंसलर सिविल अस्पताल कुरूद व प्रवीण बिंझवार प्रयोगशाला तकनीशियन सिविल अस्पताल कुरूद उपस्थित थे। इस अवसर पर श्री मसीह ने छात्र-छात्राओं को






एड्स के कारण, लक्षण, बचाव एवं आईसीटीसी के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। प्रवीण बिंझवार ने कहा कि एड्स के प्रति जानकारी ही उसका बचाव है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ओपी चन्द्राकर ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि विश्व एड्स दिवस मनाने की सार्थकता तभी है जब स्वयं एड्स के प्रति जागरूक रहकर दूसरों को अधिक से अधिक जागरूक करें।डॉ. जीपी जायसवाल ने छात्र-छात्राओं से कहा कि एचआईवी से संक्रमित व्यक्ति से हमें सौहार्द्रपूर्ण व्यवहार करना चाहिए।

इस अवसर पर बीआर देवांगन, ग्रंथपाल, डॉ. प्रभात रंजन, सहा. प्राध्या.-हिन्दी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन रेडक्रास प्रभारी डॉ. जीपी जायसवाल व आभार प्रदर्शन बीपीएड के छात्र चुम्मन राम ने किया।

हरिभूमि · रायपुर, शुक्रवार 8 दिसम्बर 2017

## जागरूकता... एड्स के बचाव के तरीके बताए



कुरूद | संत गुरू घासीदास पीजी कॉलेज में विश्व एड्स दिवस के अवसर पर एड्स जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसके मुख्य वक्ता आईसीटीसी कौंसलर सिविल अस्पताल समीर मसीह व प्रयोगशाला तकनीशियन प्रवीण बिंझवार थे। श्री मसीह ने छात्र-छात्राओं को एड्स के कारण, लक्षण, बचाव एवं आईसीटीसी के बारे में महत्वपूर्ण जानकारियां दी। साथ ही पूछे गए सवालों के जवाब भी दिए। इस अवसर पर बीआर देवांगन, डॉ. प्रभात रंजन, डॉ. जीपी जायसवाल समेत बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

**ICTC counselor Sameer Masih and Lab technician Praveen Binjhwar give lecture on HIV AIDS and explain the disease**

# Female Health awareness program on 04/02/2017


कार्यालय प्राचार्य
संत गुरु घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कुरूद,
जिला– धमतरी (छ.ग.)
दूरभाष– 07705–223375, ई–मेल: pgcollegekurud@gmail.com


दिनांक– 02/0

## || सूचना ||

समस्त छात्र–छात्राओं को सूचित किया जाता है कि यूथ रेडक्रास सोसायटी, शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुरूद के तत्त्वाधान में दिन 04/02/2017 को समय दोपहर 02:00 बजे दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। कार्यशाला में **"महिलाओं से संबंधित चिकित्सकीय तथा शारीरिक समस्यायें तथा समाधान"** विषय पर व्याख्यान दिया जायेगा। साथ ही छात्राएँ अपनी स्वास्थ्य समस्याओं पर भी चर्चा कर सकेंगे। वे स्त्री स्वास्थ्य से संबंधि आपके प्रश्नों का समाधान भी करेंगे।

महाविद्यालय के समस्त छात्राएँ उक्त कार्यक्र अनिवार्य रूप से उपस्थित होवें।

**कार्यक्रम का स्थान – कक्ष क्रमांक– 22**
**कार्यक्रम का समय – अपरान्ह 02:00 बजे**
**कार्यक्रम का दिनांक– 04/02/2017**

आमंत्रित वक्ता – डॉ० सरोज दीवान

Dewangan
रेडक्रास प्रभारी
(रेडक्रास सोसायटी)
संत गुरु घासीदास शास. स्नातकोत्तर
महाविद्यालय, कुरुद, (धमतरी)

(डॉ. ओ. पी. चन्द्राकर)
प्राचार्य
Principal
Govt. P. G. College
Kurud, Dhamtari (C.G.)

D/Ravisahu /Letter/Letter dox 2017 - 22

Date 04/02/17


आज दिनांक 04/02/17 को महाविद्यालय में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें डॉ. सरोज दीवान, चिकित्सा अधिकारी द्वारा "महिलाओं से संबंधित चिकित्सीय तथा शारीरिक समस्याएँ एवं समाधान" विषय पर व्याख्यान दिया गया। केवल छात्राओं के लिए आयोजित इस कार्यशाला में डॉ. सरोज दीवान ने महिलाओं से संबंधित समस्याओं, उनसे बचाव एवं स्वच्छता संबंधी जानकारियाँ भी दी। छात्राओं द्वारा पूछे गए अनेक स्वास्थ्य संबंधी प्रश्नों एवं समस्याओं के समाधान भी डॉ. दीवान द्वारा किए गए। इस कार्यशाला में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ओ.पी. चंद्राकर, रेडक्रॉस प्रभारी श्रीमती निधि देवांगन, श्री बी. आर. देवाँगन, कु० चमेली देवांगन, कु. मोनिका देशमुख सहित समस्त छात्राएँ उपस्थित रही।

Dewangan 04/02/17

(श्रीमती निधि देवांगन)
प्रभारी
(रेडक्रॉस सोसायटी)
संत गुरु घासीदास शास. स्नातकोत्तर
महा. विद्यालय, कुरुद, (धमतरी)

प्राचार्य
Principal
S.G.G. Govt. P.G. College.
Kurud, Dhamtari (C.G.)





हरिभूमि
प्रकाशन : 07/02/2017

## कॉलेज में महिला स्वास्थ्य पर कार्यशाला

कुरूद : यूथ रेडक्रास सोसायटी के तत्वावधान में संत गुरु घासीदास शा. पीजी कालेज में महिलाओं से संबंधित चिकित्सकीय एवं शारीरिक समस्याएं तथा समाधान विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें डॉ. सरोज दीवान नें शासन द्वारा महिलाओं को दी जाने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं एवं महिलाओं के स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं खान पान से जुड़ी हुई जानकारियां दीं। इस अवसर पर निधि देवांगन, मोनिका देशमुख, चमेली देवांगन सहित छात्राएं उपस्थित थीं।

07/2/2017

प्रभारी
(रेडक्रास सोसायटी)
संत गुरु घासीदास शास. स्नातकोत्तर
महाविद्यालय, कुरुद, (धमतरी)

Principal
S.G.G. Govt. P.G. College.
Kurud, Dhamtari (C.G.)

**Dr. Saroj Diwan give lectures on female health awareness preventation and treatment**

# YRC Activities 2018

## Tobacco control and awareness program on 21/12/2018

कार्यालय प्राचार्य
संत गुरु घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कुरूद,
जिला धमतरी (छ.ग.)
Website: www.govtcollegekurud.in
दूरभाष–07705-223375, ई–मेलः pgcollegekurud@gmail.com

दिनांक– 21 / 12 / 2018

//प्रेस–विज्ञप्ति//

**"कुरूद महाविद्यालय में राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम का आयोजन"**

कुरूद– संत गुरु घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुरूद जिला– धमतरी (छ.ग.) के प्रभारी प्राचार्य डॉ.डी.के.राठौर के कुशल मार्गदर्शन व रेडक्रास प्रभारी डॉ. जी.पी.जायसवाल, सहायक प्राध्यापक– हिन्दी व श्री बी.आर.देवांगन ग्रंथपाल के दिशानिर्देश में महाविद्यालय के रेडक्रास सोसायटी के तत्वावधान में महाविद्यालय में राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विदित हो कि स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग छ.ग. शासन द्वारा संचालित गैर संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम जिले एवं विकासखण्ड स्तर पर संचालित की जाती है। इसी तारतम्य में महाविद्यालय में तम्बाकू एवं तम्बाकू उत्पाद के सेवन से होने वाले स्वास्थ्यगत दुष्प्रभाव एवं इनके उत्पादों के उपयोग, बिक्री आदि हेतु विधि द्वारा प्रावधानित दण्डात्मक प्रावधानों की जानकारी देने के उद्देश्य से जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में प्रभारी प्राचार्य डॉ. डी.के.राठौर ने सिविल अस्पताल कुरूद के डॉ. नितेश एक्का दन्त चिकित्सा ऑफिसर एवं उनके टीम का स्वागत करते हुए कहा कि तम्बाकू नियंत्रण से संबंधित जनजागरूकता कार्यक्रम हमारे महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी। इस कार्यक्रम से महाविद्यालय के अधिक से अधिक छात्र–छात्राऍं लाभन्वित होंगे। छात्र–छात्राऍं तम्बाकू के दुष्प्रभाव को भलिभांति समझकर दूसरों को भी इसके दुष्प्रभाव के बारे में बतायेंगे तो यही इस कार्यक्रम की सार्थकता होगी। डॉ. जी.पी.जायसवाल ने अपने उद्बोधन में छात्र–छात्राओं से कहा कि हमे स्वस्थ जीवन जीकर देश और समाज के रचनात्मक कार्यों में भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। इस अवसर पर सिविल अस्पताल के डॉक्टर नितेश एक्का दंत चिकित्सा आफिसर, डॉ. त्रिप्ती वर्मा फिजियोथैरीपिस्ट, श्रीमती खेमलता साहू, नर्सिंग आफिसर, कु. सयदा नुदरत फातमा काउंसलर, श्री लिलेश्वर साहू डाटा एन्ट्री आपरेटर ने तम्बाकू के सेवन से होने वाले दुष्प्रभाव पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होनें बताया कि तम्बाकू से लम्बे समय से सेवन करने से कैंसर, श्वसन तंत्र के कैंसर, फेफड़े का कैंसर, हृदय में रक्त की आपूर्ति कम होना, उच्च रक्त ताप, अस्थमा, गुर्दो की क्षति, दांतों का क्षरण, जैसे बीमारी होती है। उन्होनें तम्बाकू के सेवन से स्वास्थ्यगत दुष्प्रभाव से बचने के लिए भी छात्र–छात्राओं को आहवान करते हुए कहा कि हम सबको तम्बाकू के सेवन से बचना चाहिए और अपने परिवार, आसपास के गॉव, महाविद्यालय के वातावरण में तम्बाकू के दुष्प्रभाव से होने वाले आसाध्य रोंगो के बारे में अधिक से अधिक जनजागरूकता पैदा करनी चाहिए। स्वास्थ्य विभाग के टीम ने तम्बाकू उत्पादों के उपयोग, बिक्री आदि हेतु विधि द्वारा प्रावधानित दण्डात्मक प्रावधानों की भी जानकारी दी। छात्र–छात्राओं के द्वारा पूछे गये प्रश्नों का भी समाधान टीम के द्वारा किया गया। इस अवसर पर क्वीज प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें यज्ञ कुमार बी.ए. प्रथम वर्ष– प्रथम स्थान, कु. आरती बी.ए. प्रथम वर्ष– द्वितीय स्थान, कु. किरण बी.एस.सी.– प्रथम वर्ष– तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर श्री अमित कुमार टण्डन, सहायक प्राध्यापक– भूगोल, श्री मुकेश कुमार सिन्हा, जनभागीदारी शिक्षक, सहित महाविद्यालय के छात्र–छात्राऍं बड़ी संख्या में उपस्थित रहें। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन रेडक्रास प्रभारी डॉ. जी.पी. जायसवाल ने किया।

प्राचार्य
Principal
Sant Guru Ghasidas
Govt. P. G. College Kurud
Dist. Dhamtari (C.G.)





रायपुर, रविवार 23 दिसंबर 2018
haribhoomi.com

## रेडक्रास सोसायटी का आयोजन

# कुरूद कालेज में राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम आयोजित




हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

संत गुरू घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुरूद में महाविद्यालय के रेडक्रास सोसायटी के तत्वावधान में महाविद्यालय में राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में प्रभारी प्राचार्य डॉ. डी.के.राठौर ने सिविल अस्पताल कुरूद के डॉ. नितेश एक्का दंत चिकित्सा ऑफिसर एवं उनकी टीम का स्वागत करते हुए कहा कि तम्बाकू नियंत्रण से संबंधित जनजागरूकता कार्यक्रम हमारे महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा। डॉ. जी.पी.जायसवाल ने अपने उद्बोधन में छात्र-छात्राओं से कहा कि हमें स्वस्थ जीवन जीकर देश और समाज के रचनात्मक कार्यों में भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए।

इस अवसर पर सिविल अस्पताल के डॉक्टर नितेश एक्का दंत चिकित्सा आफिसर, डॉ. तृप्ती वर्मा फिजियोथैरेपिस्ट, श्रीमती खेमलता साहू, नर्सिंग आफिसर, कु. सयदा नुदरत फातमा काउंसलर, लिलेश्वर साहू डाटा एन्ट्री आपरेटर ने तम्बाकू के सेवन से होने वाले दुष्प्रभाव पर विस्तार से जानकारी दी। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने तम्बाकू उत्पादों के उपयोग, बिक्री आदि हेतु विधि द्वारा प्रावधानित दण्डात्मक प्रावधानों की भी जानकारी दी। छात्र-छात्राओं द्वारा पूछे गए प्रश्नों का भी समाधान टीम द्वारा किया गया।

इस अवसर पर क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें यज्ञ कुमार बी.ए. प्रथम वर्ष- प्रथम स्थान, कु. आरती बी.ए. प्रथम वर्ष- द्वितीय स्थान, कु. किरण बी.एस.सी.- प्रथम वर्ष- तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर अमित कुमार टण्डन, सहायक प्राध्यापक- भूगोल, मुकेश कुमार सिन्हा, जनभागीदारी शिक्षक सहित महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन रेडक्रास प्रभारी डॉ. जी.पी. जायसवाल ने किया।

**Experts from CHC Kurud aware students about tobacco consumption and there consequence**

# Quiz competition on AIDS awareness on 05/09/18



दैनिक भास्कर - धमतरी नगरी-कुरुद, रायपुर, बुधवार 05 सितम्बर-2018

## एड्स पर क्विज में ताराचंद अव्वल, हेमंत ने दूसरा स्थान प्राप्त किया

कुरूद | सदगुरु घांसीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुरूद के प्राचार्य डॉ. ओपी चन्द्राकर के मार्गदर्शन व एसोसिएटेड एनसीसी अफसर कैप्टन डॉ. ओमजी गुप्ता एवं रेडक्रास प्रभारी डॉ. जीपी जायसवाल के मार्गदर्शन में एनसीसी एवं रेडक्रास सोसायटी ने संयुक्त रूप से विश्व एड्स दिवस के पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर क्विज प्रतियोगिता हुई। इसमें लगभग 80 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इसमें ताराचंद साहू, बीपीएड तृतीय सेमेस्टर ने प्रथम स्थान, हेमंत कुमार बी.कॉम द्वितीय वर्ष ने द्वितीय स्थान व सूर्या सोनी बीएससी तृतीय वर्ष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को रेडक्रास सोसायटी की ओर से पेन और डायरी देकर सम्मानित किया गया।

कुरूद. एड्स दिवस पर हुए कार्यक्रम में शामिल एनसीसी कैडेट्स।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में समीर मसीह, आईसीटीसी काउंसलर सिविल अस्पताल कुरूद व प्रवीण बिंझवार प्रयोग शाला तकनीशियन सिविल अस्पताल कुरूद उपस्थित थे। कार्यक्रम के प्रारंभ में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ ओपी चन्द्राकर ने कहा कि एड्स के प्रति जागरूकता ही एड्स का बचाव है। स्वस्थ और गौरवपूर्ण जीवन जीने के लिए हमें स्वयं जागरूक रहकर दूसरों को जागरूक करना है। एड्स के प्रति लोगों को अधिक से अधिक जागरूक करने में ही एड्स दिवस मनाने की सार्थकता है।

इस अवसर पर समीर मसीह ने छात्र-छात्राओं को एड्स (एचआईवी) के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने एड्स के कारण, लक्षण, बचाव एवं आईसीटीसी के बारे में बताते हुए कहा कि युवाओं को एड्स के बारे में जानना चाहिए तथा अपने आस पड़ोस, गांव, मुहल्ले एवं महाविद्यालय में इसके प्रति अधिक से अधिक जागरूकता फैलानी चाहिए। उन्होंनें छात्र-छात्राओं के एड्स (एचआईवी) के बारे में पूछे गये प्रश्नों के उत्तर दिए। प्रवीण कुमार बिंझवार ने स्वास्थ्य परीक्षण रक्त परीक्षण, रक्तदान व गंभीर रोग के बार में बताया तथा स्वस्थ जीवन जीने की कला पर भी प्रकाश डाला। डॉ. ओमजी गुप्ता एवं डॉ जीपी जायसवाल ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि एड्स के प्रति आज के युवाओं को जागरूक रहना चाहिए। एड्स ग्रस्त लोगों के प्रति सामान व्यवहार भी करना चाहिए इस अवसर पर मुकेश कुमार सिन्हा, जनभागीदारी शिक्षक- शारीरिक शिक्षा, एन.सी.सी. के 50 छात्र-छात्राएं, बी.पी.एड के 30 छात्र-छात्राएं व एम.ए. हिन्दी के प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर के 20 छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ.ओमजी गुप्ता व धन्यवाद ज्ञापन डॉ.जी.पी. जायसवाल ने किया।

**In Hiv day quiz copetition 80 students participate in the copetition, Tarachand sahu from BPED 3$^{RD}$ Sem got 1$^{st}$ prize**

## YRC Activities 2019

## Youth Red Cross voulenteres orentation  Program on 15/09/2022

पत्रिका . धमतरी, रविवार, 15 सितंबर, 2019
patrika.com

कार्यक्रम

# वालेंटियर्स बनने 60 छात्रों ने कराया अपना पंजीयन




कुरूद. कालेज में हुआ आरिएंटेशन कार्यक्रम।

**पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क**
patrika.com

कुरूद. संत गुरू घासीदास शासकीय महाविद्यालय में रेडक्रास सोसायटी इकाई का आरिएटेंशन कार्यक्रम हुआ। मुख्य वक्ता प्रोग्रामर गगनदीप सिंह ने वालेंटियर्स को यूथ रेडक्रास सोसायटी की स्थापना में सर हेनरी ड्यूनांट की भूमिका एवं योगदान से लेकर राष्ट्रीय तथा राज्य स्तर पर रेडक्रॉस सोसायटी के गठन के बारे में जानकारी दी। इसके अलावा रेडक्रास द्वारा संचालित मानस सेवार्थ योजनाओं से अवगत कराया।

ब्लाक को-आर्डिनेटर मनोज कुमार ने फस्ट एड और यूथ रेडक्रॉस ईकाई के संयोजक हितनारायण टंडन ने वार्षिक कार्य योजना के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर 60 छात्र-छात्राओं का वालेंटियर्स के रूप में पंजीयन किया गया।

**In orentation program Gagandeep Singh talk about Redcross society and block coardinator Manoj kumar explaiain about annual activities**

# YRC voulenteers awareness program in village parkhanda on 08/12/2019



जागरूकता कार्यक्रम
पत्रिका . धमतरी, रविवार, 8 दिसंबर, 2019
patrika.com

## नाटक के माध्यम से रक्तदान के लिए किया प्रेरित

कुरूद. संत गुरू घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में यूथ रेडक्रॉस इकाई के वालिंटियर्स ने ग्राम परखंदा में नाटक के माध्यम से सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की मदद तथा रक्तदान करने के लिए लोगों को प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि शराब सेवन कर वाहन नहीं चलाना चाहिए। बाईक में तीन सवारी और बिना हेलमेट के न चलें। इसके आलवा बाइक चलाते समय मोबाइल का उपयोग नहीं करना चाहिए। मगरलोड महाविद्यालय के छात्रों ने रक्तदान महादान को चरितार्थ करने हुए लोगों को रक्तदान करने के लिए जागरूक किया। इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी छग शाखा के प्रोग्राम कोआर्डिनेटर गगनदीप सिंह ने बताया कि दुर्घना में घायल व्यक्ति की सहायता करने वाले को अब कानूनी प्रक्रिया तथा पूछताछ आदि से मुक्त रखा गया है। सहयोग करने पर कानूनी सुरक्षा भी प्रदान की जाएगी। पंच नरेन्द्र ढीढी ने नुक्कड नाटक की सराहना की। ग्राम पंचायत परखंदा के वरिष्ठ नागरिक पूरनदास मानिकपूरी को देहदान का संकल्प लेने पर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सहायक प्रधानपाठक नारायण टंडन, ओमकार साहू समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

**YRC voulenteers aware villagers of parkhanda about Blood donation and use of helmate by play in the guidance program coordinator Gagandeep Singh**

# नुक्कड़ नाटक में बताए घायल को बचाने के तरीके

भास्कर न्यूज़ | कुरूद

पीजी कॉलेज कुरूद की यूथ रेडक्रॉस इकाई के वालेंटियर्स ने शनिवार को सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की मदद तथा रक्तदान करने के लिए लोगों को नुक्कड़-नाटक के माध्यम से किया प्रेरित किया। उन्हें घ्घायल की मदद करने व जान बचाने के तरीके भी बताए। ग्राम पंचायत परखंदा में संत घासीदास कॉलेज एवं मगरलोड कॉलेज के वालेंटियर्स ने मिलकर नुक्कड़ नाटक किया।

मगरलोड महाविद्यालय के छात्रों ने रक्तदान महादान का संदेश देने वाला नाटक का मंचन किया। रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया। इस कार्यक्रम में इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी के राज्य कार्यालय से प्रोग्राम को आर्डिनेटर गगनदीप सिंह नें ग्रामीणों को बताया कि दुर्घटना में घायल व्यक्ति की सहायता करने वाले को अब कानूनी प्रक्रिया तथा पूछताछ आदि से मुक्त रखा है। अब सहायता करने वाले व्यक्ति को पुलिस जांच में शामिल नहीं किया जाएगा। साथ ही कानूनी सुरक्षा भी प्रदान की जाएगी।




रायपुर, रविवार 08 दिसंबर, 2019 | 22

कुरूद. सड़क दुर्घटना से बचाने नाटक की प्रस्तुति देते वालेंटियर्स।

दैनिक भास्कर

## देहदान करने पर किया गया सम्मान

ग्राम-पंचायत परखंदा के वरिष्ठ नागरिक पूरनदास मानिकपुरी, भारतीय मानिकपुरी पनिका समाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के मुख्य आतिथि की मौजूदगी में कार्यक्रम शुरू हुआ। मानिकपुरी को उनके मरणोपरान्त देहदान के संकल्प के लिए सम्मानित किया गया। विशिष्ट अतिथि के तौर पर ग्राम पंचायत के पंच नरेन्द्र ढीढी एवं तेजराम साहू मंच पर उपस्थित रहे। कार्यक्रम में शासकीय महाविद्यालय मगरलोड से ओमकार साहू तथा संत गुरु घासीदास कॉलेज कुरुद से हितनारायण टण्डन, सहायक प्राध्यापक-प्राणीशास्त्र एवं रेडक्रॉस संयोजक ने कार्यक्रम का संचालन किया। नरेन्द्र ढीढी ने महाविद्यालय के छात्रों द्वारा आयोजित कार्यक्रम समाज के एक ज्वलंत मुद्दे पर नुक्कड़ के माध्यम से जो संदेश ग्रामवासियों को दिया। इसके लिए छात्रों एवं महाविद्यालय परिवार का आभार व्यक्त किया।

**YRC voulenteers teach villagers of parkhanda about first aid treatment and aware villagers about body donation by play in the guidance of YRC in charge Hit Narayan Tondan**

# HIV AIDS awareness program on 04/12/2019

पत्रिका .धमतरी, बुधवार, 4 दिसंबर 2019
patrika.com

परिचर्चा

## साथ रहने, खाने से नहीं फैलता है एड्स : धीरज



*कुरूद. छात्र-छात्राओं को एड्स के बारे दी गई जानकारी।*

**पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क**
patrika.com

कुरूद. संत गुरू घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में विश्व एड्स दिवस के अवसर पर परिचर्चा हुई। प्राचार्य डॉ ओपी चंद्राकर ने कहा कि रेडक्रॉस के युवा समाज में व्याप्त एड्स के रोकथाम तथा इनके प्रति लोगों को जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। रेडक्रॉस वॉलेंटीयर्स और प्राणीशास्त्र परिषद् के लेखन साहू, धीरज कुमार, उषा ध्रुव ने कहा की एड्स बहुत खतरनाक बीमारी है, जागरूकता और सावधानी इसका एक कारगर उपाय है। असुरक्षित लैंगिक संसर्ग से यह फैलता है। रोग ग्रस्त व्यक्ति के प्रति समाज में व्याप्त कुछ भ्रांतियों के प्रति भी लोगों को जागरूक करने की आवश्यकता है। एड्स का वायरस साथ रहने, सोने, घूमने फिरने आदि से कभी नहीं फैलता है। इसलिए रोगी व्यक्ति के साथ अपनेपन और सहानुभूतिपूर्ण व्यवहार के साथ रहना चाहिए। जूलॉजी डिपॉर्टमेंट के विभागाध्यक्ष हित नारायण टंडन ने भी एड्स के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर प्राध्यापक महेश साहू समेत बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

**In the HIV awareness program YRC vounters explain HIV cause, symptomps, and preventation in the guidance of YRC in charge Hit Narayan Tondan**

# YRC Activities 2020

## Social work by YRC Voulenteers in corona time

# बचाव कार्य में रेडक्रास टीम ने किया सराहनीय कार्य



कुरूद. रेडक्रास टीम कुरूद ब्लॉक ने सोशल डिस्टेंसिंग हेतु कृषि उपज मंडी में लोगों को जागरूक किया . जरूरतमंदों को पीजी कालेज कुरूद के रेडक्रास वालेंटीयर्स ने स्वनिर्मित मास्क भी वितरित किया गया. कुरूद, कृषि उपज मंडी कुरूद में शिफ्ट किये गये थोक सब्जी मंडी में आवक और लोगों की भारी भीड़ के बीच कोरोना वायरस के संक्रमण को रोकने हेतु रेडक्रास की टीम ने आज लोगों को सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करने और मास्क लगाने हेतु प्रेरित किया. धान मंडी में भी लोगों के बीच आवश्यक दूरी बनाये रखने हेतु आवश्यक जानकारी दी. इस कार्य में ब्लॉक काउंसलर खुबलाल साहू ने वालेंटीयर्स कमलेस साहू, सालिक साहू तथा लोमेश साहू के साथ पाम्पलेट वितरित कर लोगों को समझाया की कैसे इस बिमारी के वायरस के संक्रमण को रोका जाय और रोजमर्रा के जरूरी कार्य भी किये जायें. संत गुरू घासीदास शासकीय पी जी महाविद्यालय कुरूद के रेडक्रास प्रभारी प्रो. हित नारायण टण्डन ने महाविद्यालय के वालेंटीयर्स के द्वारा निर्मित कपड़े का मास्क लोगों को बांटा. साथ ही लोगों को समझाया की घर से बाहर निकलना यदि आवश्यक हो तो बिना मास्क लगाये बाहर न निकलें. घर में रहें, सूरक्षित रहें. कोरोना के संक्रमण को रोकने हेतु सोशल डिस्टेंसिंग नियमों का पालन कर शासन प्रसाशन को सहयोग करें.

**YRC Voulenteers aware workers of kurud Krishi Mandi about Corona, social distance, safety measure and distribute them mask**

# Environment awareness by YRC Voulenteers

## वॉलंटियर्स ने बांटे कपड़े से बने थैले



बगदेही| यूथ रेडक्रॉस वॉलंटियर्स ने संत गुरु घासीदास कॉलेज ने पर्यावरण संरक्षण और प्लास्टिक मुक्त पर्यावरण का सन्देश युक्त कपड़े के थैले जिला शाखा रेडक्रॉस को दिए। रेडक्रॉस काउंसलर हित नारायण टंडन ने कलेक्टर एवं रेडक्रॉस अध्यक्ष तथा जिला संगठक के नाम से कार्यालय प्रभारी बाघमार को छात्रों के द्वारा निर्मित थैला दिए।

प्लास्टिक के थैलों के स्थान पर कपड़ों का थैला उपयोग करने, प्लास्टिक का कम से कम इस्तेमाल करने, साथ ही दूसरों को भी ऐसा करने हेतु रेडक्रॉस वॉलेंटियर्स के द्वारा जागरूक करने का यह प्रयास। कोविड 19 के दौरान भी पीजी कालेज कुरूद के वॉलंटियर्स ने कपड़ों से बने मास्क और थैलों का वितरण कुरुद, मंडी, बाजार आदि जगहों पर किया था।

निधन

178 बुजुर्गों को लगा

**YRC Voulenteers aware peoples of kurud about Environment protection and plastic reduction and distribute them cloth bags**

# YRC Activities 2021

## Online debate competition

# कुरूद कॉलेज में ऑनलाइन वाद-विवाद प्रतियोगिता हुई



कुरूद. स्वीप कार्यक्रम के तहत ऑनलाइन वाद-विवाद प्रतियोगिता हुई।

कुरूद| संत गुरु घासीदास कॉलेज में स्वीप कार्यक्रम के तहत ऑनलाइन वाद-विवाद प्रतियोगिता कराई गई। यूथ रेडक्रोस, एनएसएस तथा स्वीप इकाई के संयुक्त आयोजन में ऑनलाइन प्रतियोगिता का विषय निर्वाचन प्रक्रिया में महिलाओं की स्वतंत्र, सक्रिय और समान भागीदारी, लैंगिक समानता को स्थापित करने में सहायक सिद्ध होगी था।

मुख्य अतिथि एसडीएम डीसी बंजारे ने छात्रों को मतदान का महत्व बताया। कहा एक मत के अंतर से हार व जीत निर्धारित होती है। सभी को मतदान के लिए जागरूक किया गया। प्रतियोगिता में शामिल छात्रों ने पक्ष और विपक्ष दोनों पर अपनी बात रखी। इसमें हेमंत कुमार को प्रथम व रूपेश कुमार द्वितीय रहे। इस पर हेमंत जिला निर्वाचन कार्यालय से इस सत्र के कैंपस एम्बेसडर भी नियुक्त किए गए। संचालन रेडक्रॉस काउंसलर एवं सहायक स्वीप प्रभारी हित नारायण टंडन ने किया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. ओपी चन्द्राकर, अमित कुमार टंडन, एमएस साहू आदि उपस्थित रहे।

**In the sweep activity online debate competition was organized on election process, sexual equality topics and chief guest SDM DC Banjare explain importance of vote in democracy**

# YRC Activities 2022

## <u>Plantation campaign at college campus 16/07/2022</u>






**On the occasion of word environment day plantation camp again organized in college campus in which all the faculties members JBS presidents, members and students planted plants in campus**

# Tobacco awareness program on 13/05/2022




**On world Tobacco day Tobacco awareness program organized by YRC in which Professors give lectures on Tobacco awareness**

# <u>College campus cleaning drive 05/11/2022</u>




**College campus cleaning program organized by Nagar panchayat Kurud and College staff in which all college staffs, students and nagar panchayat members and workers participated in college clening**

# Red cross volunteers orientation program 07/11/2022



कार्यालय प्राचार्य
संत गुरु घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कुरुद,
जिला धमतरी (छ.ग.)

NAAC Accredited B++

Website: govtcollegekurud.com Email: pri-sggpgkurud.cg@gov.in, pgcollegekurud@gmail.comTel: 07705-296375

## ।। सूचना ।।

दिनांक ...../ 11 / 2022

महाविद्यालय के यूथ रेड क्रॉस वालेंटियर्स को सूचित किया जाता है कि यूथ रेड क्रॉस वालेंटियस का उन्मुखीकरण कार्यक्रम दिनांक 07 / 11 / 2022, सोमवार, समय दोपहर 12 बजे रखा गया है। जिसमें समस्त यूथ रेड क्रॉस वालेंटियस की उपस्थिति अनिवार्य है।

हरि राम साहू
यूथ रेड क्रॉस प्रभारी

प्राचार्य
PRINCIPAL 5.11.22
S.G.G. Govt. P. G. College
Kurud, Distt. Dhamtari (C.G.)

D:\GHANSHYAM\NOTICE-2020 & 21.docx\ 99

कार्यालय प्राचार्य
संत गुरु घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कुरुद,
जिला धमतरी (छ.ग.)

NAAC Accredited B++

Website: govtcollegekurud.com Email: pgcollegekurud@gmail.com, pri-sggpgkurud.cg@gov.inTel: 07705-296375

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 07 / 11 / 2022

:: यूथ रेडक्रास सोसायटी का उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन ::

कुरुद– संत गुरु घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुरुद में आज यूथ रेडक्रास सोसायटी का उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य डॉ ओ पी चन्द्राकर के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम में रेडक्रास का इतिहास, स्थापना, सिध्दांत एवं कर्तव्यों एवं ब्लड डोनेशन के फायदे बारे जानकारी प्रदान किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. डी. के. राठौर विभागाध्यक्ष इतिहास, सहायक प्राध्यापक डॉ आर. के. पांडे विभागाध्यक्ष हिंदी तथा डॉ. प्रभात रंजन सहायक प्राध्यापक हिंदी उपस्थित थे। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता हित नारायण टंडन विभागाध्यक्ष प्राणी शास्त्र थे। उन्होंने प्राथमिक उपचार के समय स्वयं की सुरक्षा, सी पी आर इत्यादि की जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन हरि राम साहू यूथ रेडक्रास प्रभारी ने किया।।

(हरि राम साहू)
कार्यक्रम आयोजक, यूथ रेड क्रॉस
प्रभारी

(डॉ. ओ. पी. चन्द्राकर)
प्राचार्य
PRINCIPAL
S.G.G. Govt. P. G. College
Kurud, Distt. Dhamtari (C.G.)









**In Red cross volunteers orientation program Dr. DK Rathore, DR RK Pandey and Dr. Prabhat Ranjan explain history, value and importance of Red Cross to students Hitnarayan Tondon HOD of Zoology explain student First aid treatment, CPR and benefits of blood donation**

**Lecture on Heath awareness and natural healing by naturalist 09/11/2022**



कार्यालय प्राचार्य
संत गुरू घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कुरूद,
जिला धमतरी (छ.ग.)
NAAC Accredited B++

Website: govtcollegekurud.com Email: pri-sggpgkurud.cg@gov.in, pgcollegekurud@gmail.comTel: 07705-296375

।। सूचना ।।

दिनांक 09/11/2022

महाविद्यालय के समस्त अधिकारियों/कर्मचारियों को सूचित किया जाता है कि यूथ रेड क्रॉस के तत्वाधान में हेल्थ अवेयरनेस प्रोग्राम का आयोजन किया जा रहा है जिसमें बी. मोहन कुमार नेचुरोपैथी द्वारा रोगो के उपचार एवं रोकथाम के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान करेंगे। उक्त कार्यक्रम रूम नं. 12, 3 बजे से आयोजित है। आप सभी की उपस्थिति अपेक्षित है।

हरि राम साहू
यूथ रेड क्रॉस प्रभारी

PRINCIPAL
S.G.D. Govt. P.G. College

D:\GHANSHYAM\NOTICE-2020 & 21.docx\ 100




**Lecture on Heath awareness and natural healing was given naturalist B. Mohan Kumar in which he explain mudratherepy and its role in preventation and treatment of diseases**

# Blood donation camp at college campus 09/11/2022

कार्यालय प्राचार्य
संत गुरू घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कुरूद,
जिला– धमतरी (छ.ग.)
**Website: www.govtcollegekurud.in**
दूरभाष– 07705–296375, ई–मेलः pri-sggpgkurud.cg@gov.in
*NAAC Accredited- B++*

दिनांक 20.10.2022

।। सूचना।।
रक्तदान शिविर

महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS)/यूथ रेडक्रॉस/एन.सी.सी. द्वारा महाविद्यालय में रक्तदान शिविर का आयोजन दिनांक 19.11.2022 दिन– शनिवार किया जाना है। अतः समस्त छात्र–छात्राओं को सूचित किया जाता है कि उक्त शिविर में रक्तदान करने के इच्छुक 18 वर्ष से अधिक की छात्र–छात्राएँ डॉ.ओमजी गुप्ता, एन.सी.सी. अधिकारी, श्री हरि राम साहू, यूथ रेडक्रास प्रभारी, श्री विजय कुमार, कार्यक्रम अधिकारी, रा.से.यो. इकाई– 01, सुश्री रेणु पाटले, कार्यक्रम अधिकारी, रा.से.यो. इकाई– 02 के पास अपना नाम दर्ज करा लेंवे।

Dr. Omji Gupta
Astt. Professor (Physical Education)-C.G.H.E.D.
Sant Guru Ghasidas Govt. PG College
(डॉ.ओमजी गुप्ता)
एन.सी.सी. अधिकारी (NCC/SD/08110092)
37 CG BN NCC, RAIPUR

(विजय कुमार)
कार्यक्रम अधिकारी
रा.से.यो इकाई–1

PRINCIPAL
प्राचार्य
S.G.D. Govt. P.G. College
Kurud, Distt. Dhamtari (C.G.)

(हरि राम साहू)
यूथ रेडक्रॉस प्रभारी

(रेणु पाटले)
कार्यक्रम अधिकारी
रा.से.यो इकाई–2

E/RAVISAHU/LETTER/LETTER DOC 2022-250

दैनिक भास्कर धमतरी 10-12-2022

# कुरूद कॉलेज में 40 छात्र छात्राओं ने किया रक्तदान




कुरूद। रक्तदाताओं को दिए गए प्रमाण पत्र।

कुरूद| संत गुरू घासीदास शासकीय कॉलेज कुरूद में रक्तदान शिविर का आयोजन यूथ रेडक्रास सोसायटी, राष्ट्रीय सेवा योजना, रेड रिबन क्लब एवं नेशनल केडेट कोर के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। रायपुर एम्स के डॉक्टरों ने रक्तदान के लिए छात्र-छात्राओं को प्रेरित किया। इस अवसर पर कॉलेज के प्राध्यापकों सहित रेडक्रॉस, राष्ट्रीय सेवा योजना, राष्ट्रीय केडिट कोर के वालेंटियर्स रक्तदान के लिए उपस्थित थे। 40 छात्र-छात्राओं नें रक्तदान किया। कार्यक्रम में जिला अस्पताल धमतरी, जिला रेडक्रास इकाई धमतरी, सिविल अस्पताल कुरूद सें शिविर प्रभारी डॉ. लोकेश साहू, सोनिया पाल, समीर मसीही, संतोष कौशिक, बीके वर्मा, उमाकांत वैद्य, भूषण सिन्हा, अनिल कुंभकार उपस्थित थे। कार्यक्रम के प्रायोजक एचएफडीएफसी बैंक शाखा रायपुर एवं कुरूद रहे। आभार वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ डीके राठौर ने व्यक्त किया।

कार्यालय प्राचार्य
संत गुरू घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कुरूद,
जिला– धमतरी (छ.ग.)
Website: www.govtcollegekurud.in
दूरभाष– 07705–223375, ई–मेलः pri-sggpgkurud.cg@gov.in
*NAAC Accredited- B++*

दिनांक 09.12.2022

## ।। प्रेस विज्ञप्ति।।

## "कुरूद महाविद्यालय में हुआ रक्तदान शिविर का आयोजन"

कुरूद – संत गुरू घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुरूद में रक्तदान शिविर का आयोजन प्राचार्य डॉ. ओ. पी. चंद्राकर के मार्गदर्शन एवं यूथ रेडक्रास सोसायटी, राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, रेड रिबन क्लब एवं राष्ट्रीय केडेट कोर के संयुक्त तत्वाधान में किया गया। रायपुर एम्स से पधारे चिकित्सकों नें रक्तदान करनें हेतु छात्र–छात्राओं को जागरूक एवं प्रेरित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापकों सहित यूथरेड क्रॉस, राष्ट्रीय सेवा योजना , राष्ट्रीय केडिट कोर के वालेंटियर्स रक्तदान करने हेतु सैकड़ों की संख्या में उपस्थित हुए। रक्त परीक्षण एवं अन्य जॉच उपरांत अधिकांश छात्र–छात्राएँ कम वजन, एनीमीया, हिमोग्लोबिन की कमी आदि कारणों से रक्तदान करने हेतु उपयुक्त नहीं पाये गयें। इस प्रकार कुल 40 छात्र–छात्राओं नें रक्तदान किया। इस कार्यक्रम में प्रमुख रुप से जिला अस्पताल धमतरी, जिला रेडक्रास इकाई धमतरी, सिविल अस्पताल कुरूद सें शिविर प्रभारी डॉ. लोकेश साहू पैथालाजिस्ट, सोनिया पाल स्टाफ नर्स, समीर मसीही आई.सी.टी.सी. काउंसलर, संतोष कौशिक एम.एल.टी. बी.के.वर्मा एम.एल.टी, उमाकांत वैद्य, भूषण सिन्हा, अनिल कुमार कुंभकार एम.एल.टी. आदि उपस्थित रहें। कार्यक्रम के प्रायोजक एच.एफ.डी.एफ.सी. बैंक शाखा रायपुर एवं कुरूद रहें जिन्होंने कार्यक्रम के दौरान रक्तदाताओं के लिए काफी एवं स्वल्पाहार आदि की व्यवस्था की। कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ.डी.के.राठौर के द्वारा किया गया।



प्राचार्य









D/RAVISAHU/LETTER/LETTER DOC 2021-1




**In blood donation camp all the staffs and student are participated, more than 100 students are registered for donation, more 40 units bloods are collected by medical team**

# Antibiotic awareness week 18/11/2022-024/11/2022


कार्यालय प्राचार्य
संत गुरु घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कुरूद,
जिला– धमतरी (छ.ग.)
Website: www.govtcollegekurud.in
दूरभाष– 07705–298375, ई–मेल: pri-sggpgkurud.cg@gov.in
NAAC Accredited- B++


दिनांक 22.11.2022

|| सूचना ||

प्रतिजैविक (Antibiotic) जागरूकता सप्ताह

महाविद्यालय के समस्त छात्र–छात्राओं को सूचित किया जाता है कि यूथ रेडक्रास यूनिट और डिपार्टमेंट ऑफ माइक्रोबायोलॉजी द्वारा प्रतिजैविक जागरूकता सप्ताह 18 से 24 नवम्बर 2022 के उपलक्ष्य में पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 23.11.2022 को दोपहर 02 बजे पुराना भवन के कक्ष क्रमांक– 12 मे किया जायेगा। **पोस्टर का विषय "प्रतिजैविक एवं स्वास्थ्य" है।**

इच्छुक प्रतिभागी दिनांक 23.11.2022 को समय प्रातः 11:00 बजे से 12:00 बजे तक अपना नाम श्री हरि राम साहू सहायक प्राध्यापक– माईक्रोबायोलॉजी एवं श्री हित नारायण टण्डन, सहा. प्राध्या.– प्राणीशास्त्र के पास अपना नाम दर्ज करा सकते है।

(हरि राम साहू)
सहा. प्राध्या.– माईक्रोबायोलॉजी

(डॉ. ओ.पी. चन्द्राकर)
PRINCIPAL
S.G.G. Govt. P. G. College
Kurud, Distt. Dhamtari (C.G.)

E/RAVISAHU/LETTER/LETTER DOC 2022-325




**Antibiotic awareness week is calibrated by YRC and Dept. of Microbiology in which poster making competition is organized**

# Heart and Mental health awareness day 11/10/2022




**Lecture on Heart and Mental health awareness by experts from CHC Kurud on Heart and Mental health awareness day**